


Mukesh Madhwani
9829243207
Founder: Business Circle India

दैनिक राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

# पदमावत मीडिया

न रिश्वत लें, न रिश्वत दें
Reg. No. MH180326353

BCI BUSINESS CIRCLE INDIA

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

www.padmavatmedia.in
padmavatmedia@gmail.com

वर्ष: 11 ● डिजिटल अंक : 175 ● मुंबई, शनिवार 22 फरवरी-2025 ● प्रधान सम्पादकः पवन जैन पदमावत ● पृष्ठ : 04 ● मूल्य : 000 ● निःशुल्क ●


## खबर संक्षेप

### विधान सभा में स्वर्गीय विश्नोई को पुष्पांजलि



● पदमावत मीडिया

**जयपुर ।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने गुरुवार को यहां पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्व. पूनम चन्द विश्नोई के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनकी जयन्ती पर पुष्पाजंलि अर्पित की। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, प्रतिपक्ष के मुख्य सचेतक रफीक खान, पूर्व विधायक नवरंग सिंह, प्रमुख सचिव भारत भूषण शर्मा, विशिष्ट सहायक के. के. शर्मा, वरिष्ठ उप सचिव पुरुषोत्तम शर्मा, स्व. विश्नोई के परिजन सहित विधान सभा के अधिकारीगण एवं कर्मचारियों ने पूर्व विधान सभा अध्यक्ष के चित्र पर पुष्पाजंलि अर्पित की। उल्लेखनीय है कि स्वर्गीय विश्नोई 07 जुलाई 1980 से 20 मार्च 1985 तक विधान सभा अध्यक्ष रहे।

### रसद विभाग की कार्यवाही जारी-अवैध रूप से भंडारित गैस सिलेंडर व उपकरण किए जब्त



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** राज्य सरकार के दिशा-निर्देशानुसार अवैध एलपीजी रिफीलिंग व घरेलू गैस के व्यवसायिक दुरूपयोग से होने वाली राजस्व हानि तथा गैस सिलेण्डरों की अवैध भण्डारण की रोकथाम हेतु गठित विशेष जॉच दल द्वारा साप्ताहिक कार्यवाही के तहत जिले के मावली ब्लॉक के डबोक क्षेत्र में विभिन्न प्रतिष्ठानों की जांच की गई। जिला रसद अधिकारी मनीष भटनागर ने बताया कि जांच दल में प्रवर्तन अधिकारी श्रीमती पिंकी भाटी, श्रीमती मानसी पण्ड्या, प्रर्वतन निरीक्षक अभिषेक खिंची, रघुनाथ सिंह राठौड़ एवं राहुल तंवर द्वारा डबोक क्षेत्र में की गई आकस्मिक जॉच में प्रतिष्ठान श्री बालाजी गैस सर्विस, जेके सीमेन्ट फेक्ट्री के सामने स्थित दुकान पर अवैध रूप से भण्डारित 13 घरेलू गैस सिलेण्डर व 4 व्यवसायिक गैस सिलेण्डर एवं गैस रिफिंलिग मशीन जब्त की गई। भटनागर ने बताया कि दोषित फर्मो के विरूद्व आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत आवश्यक कार्यवाही की जाकर यह जांच निरंतर जारी रहेगी।

### उड़ीसा के मुख्यमंत्री माझी व डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ के बीच हुई शिष्टाचार भेंट, उड़ीसा-मेवाड़ के रिश्तों पर हुआ मंथन



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** उड़ीसा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और महाराणा प्रताप के वंशज व मेवाड़ पूर्व राजपरिवार के सदस्य डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ की बीच जग मंदिर पैलेस में गर्मजोशी के साथ शिष्टाचार मुलाकात हुई। डॉ. लक्ष्यराज सिंह ने मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी को ऐतिहासिक सिटी पैलेस का चित्रपट भेंट कर अभिनन्द किया। इस दौरान सीएम माझी और डॉ. लक्ष्यराज सिंह के बीच विभिन्न समसामयिक-ऐतिहासिक मुद्दों और मेवाड़-उड़ीसा के रिश्तों पर मंथन हुआ। क्योंकि, सीएम मोहन चरण माझी और डॉ. लक्ष्यराज सिंह की पत्नी निवृत्ति कुमारी मूलतः उड़ीसा के निवासी हैं। डॉ. लक्ष्यराज सिंह के ससुर पटना-बलांगीर रियासत के पूर्व महाराजा कनकवर्धन सिंह देव उड़ीसा की वर्तमान भाजपा की माझी सरकार में डिप्टी सीएम हैं और सास संगीता कुमारी सिंह देव बलांगीर लोकसभा से लगातार 5वीं बार भाजपा की सांसद हैं। डॉ. लक्ष्यराज सिंह की पत्नी निवृत्ति कुमारी, डिप्टी सीएम कनकवर्धन और सांसद संगीता की इकलौती बेटी हैं।

## 5.50 लाख की शराब पकड़ी, धम्बोला थाना पुलिस ने की कार्वाई

# शराब से भरी पिकअप और कार जब्त, तीन तस्कर गिरफ्तार

● पदमावत मीडिया



**डूंगरपुर ।** जिले के धम्बोला थाना पुलिस ने धंबोला पावर हाउस के पास शराब से भरी एक पिकअप और एक कार को जब्त किया है। पुलिस ने दोनों वाहनों से 261 बोतल शराब बरामद करते हुए 3 तस्करों को गिरफ्तार किया है।

जब्त की गई शराब की कीमत 5.50 लाख रुपए बताई जा रही है। जिले के धम्बोला थानाधिकारी रिजवान खान ने बताया कि डूंगरपुर एसपी मोनिका सैन के निर्देश पर अवैध शराब तस्करी के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत पुलिस ने आज दो कार्रवाई को अंजाम दिया है। उन्होंने बताया कि धंबोला पुलिस की ओर से धंबोला पावर हाउस के पास नाकेबंदी की हुई थी। इस दौरान पहले एक पिकअप आई। पिकअप और रोककर तलाशी ली गई तो पिकअप के पीछे गुप्त बॉक्स बना हुआ था, जिसमें पंजाब निर्मित शराब की बोतल भरी हुई थी। पुलिस ने पिकअप से शराब की 165 बोतल जब्त करते हुए पिकअप ड्राइवर जालोर निवासी गिरधारी लाल जाट और उसके साथी बाड़मेर निवासी वालू राम जाट को गिरफ्तार किया। इसके बाद पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक कार को रुकवाकर तलाशी ली तो कार में भी एक गुप्त बॉक्स बना हुआ था, उसमें राजस्थान निर्मित शराब की 96 बोतल छिपा कर रखी हुई थी। जिस पर पुलिस ने कार से शराब को जब्त करते हुए उदयपुर निवासी चालक मांगाराम गमेती को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी रिजवान खान ने बताया कि दोनों वाहनों से जब्त की गई शराब की कीमत करीब 5.50 लाख रुपए है। पुलिस तस्करों से पूछताछ कर रही है।

### राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल का ई-पीसीपी 28 फरवरी से

● पदमावत मीडिया

**जयपुर ।** राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल के कक्षा 10 व 12 के सत्र 2024-25 में स्ट्रीम-1 के पंजीकृत शिक्षार्थियों के लिए सैद्धांतिक व प्रायोगिक विषयों के लिए ई-व्यक्तिगत संवाद कार्यक्रम (ई-पीसीपी) 28 फरवरी से शुरू होगा। ई-पीसीपी का संचालन राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल स्टूडेंट एप या वेबसाइट http://rsospcp.rajasthan.gov.in/ के माध्यम से किया जाएगा। अभ्यर्थी एप या वेबसाइट पर अपनी एसएसओ आईडी के माध्यम से लॉग इन कर ई-पीसीपी में शामिल हो सकेंगे। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए छात्र नजदीकी संदर्भ केंद्र व दूरभाष नं. 0141-2717074 पर संपर्क कर सकते हैं।

## चाइल्ड हेल्पलाइन ने चार बाल श्रमिकों को बाल श्रम से मुक्त करवाया

● पदमावत मीडिया

**डूंगरपुर।** बाल अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 ने डूंगरपुर जिले में 13 से 16 साल के बच्चों को डूंगरपुर जिले के बिछीवाड़ा क्षेत्र में विभिन्न होटलों व ऑटो गैराज पर बाल श्रम कर रहे बच्चों को बाल श्रम से मुक्त करवाया गया।

बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक कल्पित शर्मा ने बताया कि चाइल्ड हेल्पलाइन समन्वयक मेहुल शर्मा के निर्देशन में केश सुपरवाइजर अनिता भील व बलदेव परमार ने जिले में बाल श्रम कर रहे बच्चों का चिन्हिकरण कर इसकी सूचना पुलिस व संबंधित विभाग को दी। जिसके बाद चाइल्ड हेल्पलाइन, ए एच टी यू पुलिस, श्रम विभाग व सृष्टि सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में डूंगरपुर जिले के बिछीवाड़ा रतनपुर हाइवे पर जय चितौड़ भोजनालय दाल बाटी से एक बालक, सागर टायर सर्विस सेंटर से एक बालक, न्यू जय किसान ढाबा से एक बालक व जय भवानी पंजाबी ढाबा से एक बालक को बालश्रम से मुक्त करवाते हुए कुल 4 बच्चों को बाल श्रम से मुक्त करवाया गया। इन बच्चों की अग्रिम सहायता के लिए उन्हें बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष भावेश जैन, सदस्य बालकृष्ण परमार, उमेश रावल व जयश्री भट्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां से बच्चों को अग्रिम आदेश तक राजकीय किशोर गृह में अस्थाई आश्रय प्रदान किया गया। साथ ही बाल कल्याण समिति द्वारा नियोक्ता के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस कार्यवाही में ए एच टी यू पुलिस से अशोक कुमार मीणा श्रम विभाग से मनोज रोत व सृष्टि सेवा समिति से सुरेन्द्र ढोली मय जाप्ता मौजूद रहे।

## खड़े वाहनों से लाखों रुपए की बैटरी चोरी करने वाला गिरफ्तार

● पदमावत मीडिया

**विरार।** क्राइम ब्रांच यूनिट 3 के अधिकारियों ने एक अपराधी को गिरफ्तार किया है, जो मुंबई-अमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर होटलों पर खड़े, पेट्रोल पंपों और पार्किंग स्थलों पर रात में खड़े ट्रकों/टैंकरों से बैटरियां चुरा रहा था। गिरफ्तार चोर से क्राइम ब्रांच यूनिट 10 अपराध सुलझाने में कामयाब हुई है। यह कार्रवाई क्राइम डीसीपी अविनाश अंबुरे और एसीपी मदन बल्लाल के मार्गदर्शन में क्राइम ब्रांच यूनिट 3 के पुलिस निरीक्षक साहुराज रणवरे के नेतृत्व में सहायक पुलिस निरीक्षक सुहास कांबले की टीम ने की है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 24 जनवरी को रात लगभग 03.30 बजे भारत पेट्रोल पंप के पीछे वसई से चोर ने दो ट्रकों से 38,000 रुपए की चार बैटरियां चुरा लीं। 24/01/2025 को मांडवी पुलिस स्टेशन में भारतीय न्याय संहिता की धारा 303 (2) के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मीरा- भायंदर, वसई-विरार पुलिस आयुक्तालय अंतर्गत खानीवड़े और वसई फाटा के बीच मुंबई-अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर रात के समय खड़े ट्रकों/टैंकरों से बैटरी चोरी की घटनाओं में उल्लेखनीय वृद्धि होने के कारण वरिष्ठ अधिकारियों ने घटनाओं को गंभीरता से लिया था।

घटनास्थल पर उपलब्ध सीसीटीवी फुटेज में संदिग्ध और आरोपी के चार पहिया वाहन की पहचान की गई। तकनीकी विश्लेषण और प्राप्त गोपनीय जानकारी के आधार पर आरोपी को विक्रमगढ़ से गिरफ्तार किया गया। आरोपी अपराध करते समय स्विफ्ट डिजायर कार, अन्य सामग्री एवं कुल 46 चोरी की बैटरियां, जिसकी कुल कीमत 8,77,000 रुपए बताई गई और 10 अपराधों का खुलासा हुआ। आरोपी के खिलाफ पहले से ही 3 गंभीर अपराध दर्ज हैं। इन अपराधों में जमानत पर बाहर आने के फिर से चोरी करने लगा।

### मासिक धर्म स्वच्छता को लेकर कलेक्टर बालमुकुंद असावा के साथ पैड वूमन भावना पालीवाल ने की चर्चा

## मासिक धर्म स्वच्छता महिलाओं की प्रगति और कल्याण के लिए बाधा नहीं है : बालमुकुंद असावा



● पदमावत मीडिया

**राजसमन्द ।** मासिक धर्म स्वच्छता को लेकर जिला कलक्टर कार्यालय में सामाजिक कार्यकर्ता पेडवुमन की जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा से वार्ता हुई । सैनेटरी पैड तक पहुँच की कमी अक्सर अस्वास्थ्यकर प्रथाओं की ओर ले जाती है, इस विषय को लेकर जिला प्रशासन और जिला कलक्टर द्वारा मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन में सुधार के उद्देश्य से पहल शुरू की है। जिससे महिलाओं, बच्चियों और विशेष रूप से वंचित समुदायों की महिलाओं को सुरक्षित और किफायती मासिक धर्म स्वच्छता उत्पादों तक पहुंच हो। वार्ता में गुणवत्तापूर्ण उत्पादों की उपलब्धता सुनिश्चित करना, कुशल वितरण नेटवर्क स्थापित करना और दूरदराज के क्षेत्रों में महिलाओं तक पहुंचना शामिल है। इसके अतिरिक्त मासिक धर्म स्वास्थ्य के बारे में शिक्षा होनी चाहिए ताकि महिलाओं को मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में ज्ञान हो और आसपास के मिथकों को दूर किया जा सके। सरकार की सैनिटरी पैड उड़ान योजना महिलाओं के उत्थान और मासिक धर्म स्वच्छता से जुड़ी चुनौतियों से निपटने के सुरक्षित मासिक धर्म उत्पादों तक पहुंच प्रदान करके, ये पहल महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देती हैं। जिला कलक्टर ने वार्ता के दोरान बताया की सरकार का पूरा प्रयास है की हर महिला अपनी मासिक अवधि को गरिमा के साथ संभाल सके। निरंतर प्रयासों के माध्यम से, हम एक ऐसा भविष्य बना सकते हैं आज मासिक धर्म स्वच्छता अब महिलाओं की प्रगति और कल्याण के लिए एक बाधा नहीं है। पेडवुमन पालीवाल ने इस विषय पर अपने अनुभव साँझा किये और स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छ देवगढ़ स्वच्छ राजसमन्द, सीड्स बॉल अभियान को लेकर अपने विचार रखे।

### पांच दिवसीय आधारभूत सक्षम साथिन प्रशिक्षण सम्पन्न

● पदमावत मीडिया

**डूंगरपुर।** महिला अधिकारिता विभाग की नवचयनित 32 साथिनों को पांच दिवसीय आधारभूत सक्षम साथिन प्रशिक्षण शुक्रवार को सम्पन्न हुआ। साथिनों को मास्टर टेऊनर सुपरवाईजर ममता पाटीदार, सीमा गंगवाल, मीरा कुमारी एवं सुचिता कलाल द्वारा दिन प्रतिदिन की विभागीय योजना अनुसार प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में कुलदीप सुत्रकार, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं श्रीमती प्रफुबाला स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा भी जानकारी प्रदान की गई। मोतीलाल मीणा, सहायक निदेशक, महिला अधिकारिता द्वारा विभागीय कार्य प्रणाली एवं योजनाओं से अवगत कराया। राकेश वैष्णव द्वारा प्रशिक्षण में महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रति संवेदनशीलता एवं जेण्डर आधारित विकास की जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण में पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान योजना, महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र एवं वन स्टॉप सेन्टर की विजिट कराई तथा उनके बारे में जानकारी दी गई।

### साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन

## विभागीय लक्ष्य तय समय पर हो प्राप्त-जिला कलेक्टर मेहता

● पदमावत मीडिया



**उदयपुर।** जिला कलेक्टर नमित मेहता ने शुक्रवार को जिला परिषद सभागार में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि विभागीय लक्ष्य समय पर प्राप्त हो तथा संपर्क पोर्टल पर प्राप्त होने वाली समस्याओं के निस्तारण में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। इसके साथ ही समयबद्ध निस्तारण से भी आमजन को बड़ी राहत मिल सकती है।

इसके लिए समस्त जिला स्तरीय अधिकारी अपने स्तर पर संपर्क पोर्टल की मॉनिटरिंग करें। इस दौरान उन्होंने पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग की समीक्षा के दौरान कहा कि राजस्व संकलन में अपेक्षित वृद्धि सुनिश्चित करें। उन्होंने कृषि विभाग अंतर्गत विभिन्न डीबीटी योजनाओं यथा फार्म पॉन्ड,पाइपलाइन, तारबंदी इत्यादि योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों से कहा कि जिले में सीताफल की विभिन्न उन्नत प्रजातियों हेतु विशेष नर्सरी तैयार करें जिससे कि स्थानीय किसानों को इसका लाभ मिले। उन्होंने इस दौरान प्रदूषण नियंत्रक बोर्ड के अधिकारियों से जिले में ध्वनि एवं वायु प्रदूषण की रोकथाम हेतु चलाई जा रही गतिविधियों के बारे में जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही सहकारिता, आरएनटी मेडिकल कॉलेज, उच्च शिक्षा विभाग, अल्पसंख्यक विभाग आदि की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रमुख एवं फ्लैगशिप योजनाओं में जिले की प्रगति संतोषजनक होनी चाहिए। बैठक में एडीएम प्रशासन दीपेंद्र सिंह राठौड़,जिला परिषद सीईओ रिया डाबी, गिर्वा उपखण्ड अधिकारी सोनिका कुमारी समेत विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## दुल्हन के पिता का बैग चोरी करने वाला गिरफ्तार

### गहने और लिफाफे से भरा था, पुलिस कर रही पूछताछ

● पदमावत मीडिया



**डूंगरपुर ।** जिले के सागवाड़ा थाना पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने एक शादी समारोह के दौरान दुल्हन के पिता का बैग चुरा लिया था। बैग में जेवर और भेंट में दिए लिफाफे रखे हुए थे। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। सागवाड़ा थानाधिकारी मदनलाल खटीक ने बताया कि 20 फरवरी को ओबरी निवासी संतोष पुत्र मणिलाल गोदावत की ओर से रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। इसमें बताया कि सागवाड़ा के एमए रिसॉर्ट में उसकी बेटी की शादी की रस्में की जा रही थी। इस दौरान अज्ञात चोर उनका बैग चोरी कर ले गया। बैग में ज्वेलरी ओर बेटी को भेंट में दिए गए लिफाफे भरे हुए थे। चोर उसे चुराकर ले गया। मामले में पुलिस ने केस दर्ज करते हुए छानबीन शुरू कर दी। थानाधिकारी के साथ ही एएसआई हरि सिंह, आसूचना अधिकारी रोहित सिंह, दिलवर सिंह और आशिक मोहम्मद की टीम ने छानबीन शुरू कर दी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले। पुलिस ने संदिग्ध पंकज (35) पुत्र भीखालाल हरिजन निवासी जुई तलाई गलियाकोट को डिटेन कर लिया। आरोपी ने ज्वेलरी ओर लिफाफों से भरा बैग चुराने की वारदात कबूल कर ली। पुलिस ने उसके कब्जे से ज्वेलरी और लिफाफों का बैग बरामद कर लिया। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

### महावीर महिला संघ द्वारा रिश्तों का बंधन थीम पर विशेष आयोजन

## महावीर महिला संघ की अध्यक्ष मनीषा गुगलिया के नेतृत्व मे सफल आयोजन



● पदमावत मीडिया

**इंदौर ।** महावीर महिला संघ की अध्यक्ष मनीषा गुगलिया के तत्वावधान में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य रिश्तों की महत्ता को समझना और समाज में प्रेम, एकता और सौहार्द को बढ़ावा देना था। संघ की सभी महिलाओं ने इसमें उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन में सभी सदस्याओं ने जोड़ी बनाकर विभिन्न रिश्तों की विशेषता को प्रस्तुत किया,जैसे सासबहू, देवरानी जेठानी, दोस्त, माँ बेटी ! कार्यक्रम की विशेष ड्रेस कोड थीम सभी बोर्ड मेंबर्स और सदस्याएँ पारंपरिक अंदाज में शामिल हुई। रील्स और परफॉर्मेंस हर जोड़ी ने अपने रिश्ते की खासियत को खूबसूरत रील्स और प्रस्तुतियों के जरिए साझा किया। ऑडियंस जजमेंट कार्यक्रम में मौजूद दर्शकों को अपने पसंदीदा प्रस्तुतियों को लाइक करने का अवसर दिया गया, जिससे सबसे प्रभावशाली जोड़ियों को पहचानने में मदद मिली। जजमेंट इस पूरे आयोजन में सुधा लुणावत और रचना बगरेचा ने निष्पक्ष और बेहतरीन तरीके से सभी प्रस्तुतियों का मूल्यांकन किया, इस सफल आयोजन के लिए सभी संयोजकों मनीषा गुगलिया, सुदिता मूणत, टीना ललवानी, रिन्नी बडेरा, और स्वीटी चेलावत की कड़ी मेहनत को खूब सराहा गया। उन्होंने पूरे आयोजन को व्यवस्थित और शानदार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विशेष तौर पर रेणु भंडारी कोमल शिल्पा हेमा प्रीति कोठारी रीता संघवी, रीता मुथा प्रीति श्रीमाल, श्वेता सबका पूर्ण सहयोग रहा विजेताओं की घोषणा विजेताओं के नाम इस प्रकार हैं प्रथम श्वेता बाफ़ना, द्वितीय विजेता सोनू धाड़ीवाल रानी भंसाली, रिल्स में विजेता प्रथम पुखराज व अंशु पोरवाल, द्वितीय निकिता एंड डिंपल और सभी प्रतिभगियो को प्रोत्साहन पुरुस्कार दिये द्य कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों ने यह संकल्प लिया कि वे अपने रिश्तों को प्रेम, सम्मान और विश्वास के साथ निभाएंगे और समाज में एकता व सौहार्द का संदेश फैलाएंगे। महावीर महिला संघ द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम अध्यक्ष मनीषा गुगलिया के नेतृत्व, सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और सभी के दिलों में एक विशेष स्थान बना गया।

# राउमावि रूण्डेड़ा में 15 लाख रुपये से अधिक की लागत से विशाल डॉम निर्माण कार्य

● पदमावत मीडिया

**मेनार।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रूण्डेड़ा में 15 लाख रुपये से अधिक की लागत से विशाल डॉम का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इस कार्य के लिए आर्थिक सहयोग कन्हैया लाल सोसर देवी जैन धर्मार्थ ट्रस्ट, भीलवाड़ा और गांव के भामाशाह श्री धनपत लाल बोहरा द्वारा प्रदान किया गया है। डॉम निर्माण कार्य के पूरा होने पर यह विद्यालय के छात्रों और शिक्षकों के लिए एक अहम सुविधा साबित होगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य रामेश्वर लाल मेघवाल ने बताया कि विद्यालय में लंबे समय से छाया की कमी महसूस की जा रही थी। गर्मी और धूप के कारण छात्रों को असुविधा का सामना करना पड़ता था। इस समस्या के समाधान के लिए श्री धनपत लाल बोहरा ने डॉम निर्माण का निर्णय लिया। वर्तमान में निर्माण कार्य तीव्र गति से जारी है, और इसके जल्द ही पूरा होने की उम्मीद है। यह डॉम न केवल छात्रों के लिए छाया प्रदान करेगा, बल्कि विद्यालय में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक, शैक्षणिक और अन्य कार्यक्रमों के लिए एक बहुउपयोगी स्थान के रूप में कार्य करेगा।



### धनपत लाल बोहरा का विद्यालय और गांव से गहरा जुड़ाव

उन्होंने अपनी प्राथमिक शिक्षा इसी विद्यालय से प्राप्त की थी। वर्तमान में भीलवाड़ा में सफल व्यापारी के रूप में प्रतिष्ठित होने के बावजूद, वे अपने गांव और विद्यालय के विकास के लिए सतत प्रयासरत हैं। उनका योगदान केवल डॉम निर्माण तक सीमित नहीं है। हाल ही में, उन्होंने विद्यालय के 300 जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए थे, जिससे ठंड के मौसम में छात्रों को राहत मिली। इसके अलावा, पिछले वर्ष उन्होंने विद्यालय को कंप्यूटर, प्रिंटर और 55,000 रुपये की स्टेशनरी भी भेंट की थी।

### गांव और विद्यालय के प्रति समर्पण

बोहरा का यह प्रयास न केवल उनके गांव और विद्यालय के प्रति उनकी भावनात्मक जुड़ाव को दर्शाता है, बल्कि यह भी साबित करता है कि शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में भामाशाहों की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण है। उनके द्वारा किए जा रहे योगदान से विद्यालय के भौतिक और शैक्षणिक विकास को नई दिशा मिल रही है। डॉम निर्माण कार्य की पहल और श्री बोहरा के निरंतर सहयोग के लिए विद्यालय प्रशासन और ग्रामीणों ने उनका आभार व्यक्त किया है। प्रधानाचार्य रामेश्वर लाल मेघवाल ने कहा कि ऐसे भामाशाह समाज में प्रेरणा स्रोत हैं और उनकी कोशिशें अन्य लोगों को भी समाजसेवा के लिए प्रोत्साहित करेंगी। यह डॉम न केवल छात्रों की शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देगा, बल्कि विद्यालय की पहचान को भी सशक्त करेगा। रूण्डेड़ा जैसे ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में यह एक सराहनीय पहल है।

# महाराजा सवाई मानसिंह विद्यालय के विद्यार्थियों ने देखी सदन की कार्यवाही



● पदमावत मीडिया

**जयपुर ।** महाराजा सवाई मानसिंह विद्यालय के विद्यार्थियों ने शुक्रवार को राजस्थान विधान सभा के तृतीय सत्र की प्रश्न काल की कार्यवाही दर्शक दीर्घा में बैठकर देखी। बच्चों ने विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से मुलाकात की। श्री देवनानी ने बच्चों की शिक्षा के बारे में पूछा और उन्हें विधान सभा के नियम एवं प्रक्रियाओं के बारे में भी बताया। राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की पहल पर बच्चों ने राजस्थान विधान सभा का सदन और राजनैतिक आख्यान संग्रहालय का अवलोकन किया। देवनानी ने बच्चों से परिचय लिया। उनके विद्यालय, पढाई और खेल गतिविधियों की जानकारी ली। देवनानी ने कहा कि बच्चे पढे, आगे बढ़े और देश का नाम रोशन करें। उन्होंने बच्चों से कहा कि राष्ट प्रथम है। हमारे कार्यों में राष्ट प्रथम की भावना सदैव होनी चाहिए। विधान सभा सत्र की कार्यवाही देखने का अवसर प्रदान करने के लिए विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी का विद्यालय के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने आभार व्यक्त किया।

## उदयपुर जिले में थाना गोगुंदा व सायरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# दो अलग-अलग कार्रवाई में अवैध अफीम की खेती करते हुए चार अभियुक्त गिरफ्तार



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** जिले में थाना गोगुंदा व सायरा पुलिस ने दो अलग-अलग कार्रवाईयों में अवैध अफीम की खेती करते हुए 04 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों स्थानों से करीब 225 किलो अवैध अफीम के पौधे जब्त किये है। एसपी योगेश गोयल द्वारा अवैध मादक पदार्थो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाडा एवं वृताधिकारी गिर्वा सुर्यवीर सिंह के सुपरविजन एवं थानाधिकारी गोगुन्दा माधव उपाध्याय आईपीएस के नेतृत्व में टीम ने अवैध मादक पदार्थो के खिलाफ कार्रवाई करते हुये गाव मोरवल व सालोरिया में अवैध अफीम की खेती करते हुए कुल 04 अभियुक्तों को मौके से गिरफ्तार कर करीब 225 किलोग्राम अवैध अफीम के पौधे जब्त किये गये। एसपी गोयल ने बताया कि गुरुवार को सूचना मिली की भंवर पुत्र गुलाब पुरी निवासी मोरवल थाना गोगुन्दा ने अपने खेत में अवैध अफीम की खेती कर रखी है। इस पर टीम ने मौके पर पहुच आरोपी भंवर के खेत से 130 किलो अवैध अफीम के हरे पोधे जब्त कर आरोपी को गिरफतार कर प्रकरण दर्ज किया। टीम को दुसरी सूचना मिली कि भीम कुण्ड, सोलारिया में पहाडी पर किसी ने अवैध अफीम की खेती कर रखी है। इस पर टीम ने मौके पर पहुच कुल 95 किलोग्राम अवैध अफीम के हरे पौधे जब्त कर अभियुक्त प्रकशानन्द उर्फ प्रकाश कुमार पुत्र खुमाण निवासी बस स्टेण्ड, गोगुन्दा हाल महाराज भीमकुण्ड आश्रम, सोलारिया थाना गोगुन्दा, सोहन सिंह पुत्र हेम सिंह निवासी मोरवल फला कालुण्डा थाना गोगुन्दा व लक्ष्मण सिंह पुत्र सुरत सिंह निवासी मोडवा थाना गोगुन्दा को गिरफतार कर प्रकरण दर्ज किया गया। इस कार्वाई में एसएचओ गोगुंदा माधव उपाध्याय प्रोबेशनर आईपीएस सहित एएसआई विनेश कुमार, बद्रीलाल, हेड कांस्टेबल चरण सिंह, रामचंद्र, कांस्टेबल भूपेंद्र सिंह, शिवराज, योगेंद्र कुमार, प्रताप सिंह, प्रदीप कुमार, दीपेंद्र कुमार, कांस्टेबल चालक प्रकाश एवं थाना सायरा व वृत कार्यालय गिर्वा की टीम शामिल थी।

## नोडल शाखा से समन्वय स्थापित कर कार्य करें आरईआई पार्टनर व एनजीओः आयुक्त जोरवाल

शिक्षा संकुल के सभागार में आरईआई-एनजीओ पार्टनर्स की समीक्षा बैठक



● पदमावत मीडिया

**जयपुर ।** राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, अनुपमा जोरवाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को शिक्षा संकुल के सभागार में आरईआई पार्टनर - एनजीओ की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में विगत छह महीनों में जिलों में किए गए कार्यों की समीक्षा के साथ-साथ आगामी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में एनजीओ पार्टनर्स ने बालिका शिक्षा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, डिजिटल एजुकेशन, सीखने के स्तर में सुधार, एवं शिक्षकों के उन्मुखीकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर आयुक्त जोरवाल ने शिक्षा की पहुंच बढ़ाने पर विशेष जोर देते हुए राजकीय विद्यालयों में ड्रॉपआउट दर कम करने हेतु प्रभावी कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए।उन्होंने सभी आरईआई पार्टनर - एनजीओ को कार्य से पूर्व आगामी कार्य योजनाएं नोडल शाखा अधिकारियों को प्रस्तुत कर समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने तथा एमओयू के तहत लंबित कार्यों का शीघ्र निपटान सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित। बैठक में आरईआई शाखा उपायुक्त निहारिका शर्मा, उपायुक्त, एडी, डीडी सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और एनजीओ पार्टनर्स उपस्थित रहे।

## एनपी-एनसीडी कार्यक्रम के अन्तर्गत जिले में चलेगा संघन अभियान

# 20 फरवरी से 31 मार्च 2025 तक होगा आयोजन आमजन की हापरटेन्शन, डायबीटिज एवं कामन कैंसर की होगी स्क्रीनिंग

● पदमावत मीडिया

**सलुम्बर ।** 20 फरवरी से 31 मार्च 2025 तक जिले में एनपी एनसीडी कार्यक्रम के अंतर्गत आमजन की हापरटेशन, डायबीटीज, कामन कैंसर की स्क्रीनिंग का संघन अभियान चलेगा, अभियान में जिला एवं ब्लॉक स्तर पर प्रभावी मॉनिटरिंग की जायेगी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. महेन्द्र परमार ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य आमजन को हाइपरटेशन, डायबीटीज, स्क्रीनिंग कर गैर संचारी रोग के बारे में जानकारी दी जाएगी और मृत्यु के शीर्ष चार कारण हृदय संबंधी मौत, क्रोनिक श्वसन रोग, कैसर एवं मधुमेह है अभियान में आयोजित होने वाली गतिविधियों में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की जिला कलेक्टर अवधेश मीना की अध्यक्षता में बैठक आयोजन किया जायेगा तथा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हृष्टहृष्ठ में प्रशिक्षित कर दिया गया है साथ ही ब्लॉक स्तर पर कार्यरत बीसीएमओ, बीपीएम, ब्लॉक एलएचवी, बीएचस पीएचस सुपरवाइजर द्वारा अभियान की प्रतिदिन मॉनिटरिंग एवं सुपरविजन किया जाएगा। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ महेन्द्र लोहार ने बताया कि गैर संचारी रोगों के होने के मुख्य कारण जीवनशैली में परिवर्तन समय पर निदान नहीं होना, नियमित समुचित उपचार का अभाव एवं फोलोअप का अभाव है यदि उक्त कारणों को कम किया जाता है एवं समय पर उचित मात्रा में दवाइयों का सेवन एवं जीवन शैली में प्रकृति के अनुसार जीने की कोशिश में गैरसंचारी रोग के प्रभाव को कम किया जा सकता है एवं योग, प्राणायाम, घूमने, एवं कसरत करने से गैर संचारी रोग के प्रभाव को कम किया जा सकता है एवं स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन जीया जा सकता है। अभियान में जिले के प्रत्येक चिकित्सा संस्थान पर एनसीडी क्लिनिक/ एनसीडी कार्नर स्थापित किए जाऐंगें एवं अधिक से अधिक 30 व्यक्तियों की एससीडी स्कीनिग की जायेगी और उनका फोलो अप किया जाऐगा तथा साथ ही एनसीडी एम ओ पोर्टल, सीएचओ एप, आशाएप पर प्रतिदिन डेटा इंद्राज किया जायेगा।

### माय हॉस्पिटल-क्लीन हॉस्पिटलअभियान आज

● पदमावत मीडिया

**राजसमंद।** जिला कलेक्टर बालमुकुंद असावा के निर्देशन में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से आज 22 फरवरी, शनिवार को माय हॉस्पिटल क्लीन हॉस्पिटल अभियान का आयोजन होगा। अभियान के तहत समस्त चिकित्सालयों जैसेः जिला चिकित्सालय, उप जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से लेकर उप स्वास्थ्य केंद्र तक हर चिकित्सा संस्थान में सफाई अभियान चलाया जाएगा जिसमें भामाशाह भी सहयोग करेंगे। अभियान को लेकर चिकित्सा महकमा और प्रशासन उत्साहित हैं।

# एसीबी ने जेईएन को पकड़ा, पैसे लेकर भागा चचेरा भाई

## एईएन रुपए लेकर जयपुर चला गया; बिल पास करने की एवज में 2.60 लाख मांगे थे

● पदमावत मीडिया

**अजमेर ।** जिले के पुष्कर में एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने जूनियर इंजीनियर को रिश्वत लेते पकड़ा। इस बीच जेईएन का चचेरा भाई रिश्वत के 2 लाख रुपए लेकर भाग गया। पुष्कर नगर परिषद में कार्यरत जूनियर इंजीनियर रामनिवास मीणा (46) ने टेंडर प्रक्रिया में बिल पास करने के लिए 2.60 लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी। 21 फरवरी को छ्वश्वह्र ने परिवादी को मेला मैदान के सामने स्थित सरकारी आवास पर बुलाया। जेईएन ने नगर परिषद में जमादार ही चचेरे भाई महेश मीणा (35) को रिश्वत के 2 लाख रुपए दिलवाए। इसी दौरान एसीबी की टीम मौके पर पहुंच गइ। टीम ने छ्वश्वह्र को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि उसका चचेरा भाई घूस की राशि लेकर फरार हो गया। रामनिवास मीणा का ट्रांसफर एक महीने पहले दौसा नगर परिषद में हो चुका था। मगर उसे रिलीव नहीं किया गया था। मामले को लेकर पुष्कर नगर परिषद आयुक्त जनार्दन शर्मा से संपर्क करने की कोशिश की गई तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।



### 3 पॉइंट में समझिए पूरा घटनाक्रम...

1. 2.60 लाख रुपए की रिश्वत मांगी
भीलवाड़ा एसीबी की डीएसपी पारसमल पंवार ने बताया-जेईएन रामनिवास मीणा ने ठेकेदार विष्णु गुप्ता से नगर परिषद में कराए गए काम के बिल और क्वालिटी कंट्रोल रिपोर्ट के साथ फोटो पर साइन के एवज में 2.60 लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी।

2. 2.50 लाख में ठेकेदार के साथ बातचीत हुई
जेईएन से पूछताछ में सामने आया कि ठेकेदार का 12 लाख 33 हजार रुपए बकाया बिल था। 8.50 लाख रुपए का पेमेंट हो चुका था। जेईएन रामनिवास मीणा ने 2 लाख रुपए की डिमांड की थी।
साथ ही सहायक अभियंता (एईएन) मुकेश चौहान हाल स्वायत्त शासन विभाग जयपुर (एपीओ) के लिए क्वालिटी कंट्रोल और मौके के फोटो पर साइन के एवज में 60 हजार रुपए की डिमांड अलग से किए थी। कुल मिलाकर ठेकेदार विष्णु गुप्ता से 2.50 हजार रुपए में सौदा तय हुआ था।

3. पैसे लेकर जयपुर चला गया अधिकारी
एसीबी ने बताया-16 फरवरी को मामले का वेरिफिकेशन किया गया। ठेकेदार विष्णु गुप्ता से जेईएन ने 50 हजार रुपए की रिश्वत एईएन मुकेश चौहान को दिलाई, जो कि पैसे लेकर जयपुर चला गया था। 21 फरवरी को जेईएन ने ठेकेदार को 2 लाख रुपए लेकर मेला मैदान के सामने स्थित अपने सरकारी आवास के बाहर बुलाया।
जेईएन ने अपने चचेरे भाई महेश मीणा को पैसे दिला दिए।

## अचानक स्कूल पहुंचे कलक्टर ने बच्चों के साथ किया भोजन, जाँची मिड डे मिल की गुणवत्ता

# मिड डे मिल के भोजन में निरंतर सुनिश्चित हो गुणवत्ता, बच्चों को मिले पौष्टिक भोजनः कलेक्टर

● पदमावत मीडिया

**राजसमन्द।** जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने शुक्रवार को दौवड़ा ग्राम पंचायत जाते हुए मार्ग में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पनोतिया में रुककर बच्चों के साथ मिड डे मिल का भोजन लिया और गुणवत्ता देखी। कलक्टर को अचानक बीच में पाकर विद्यालय स्टाफ भी हैरान रह गया तो वहीं बच्चों में उत्साह की लहर दौड़ गई। कलक्टर से मिलने के लिए बच्चे भी एक-एक कर उमड़ पड़े। कलक्टर असावा ने स्कूल की रसोई में पहुँच कर भोजन तैयार करने की प्रक्रिया को देखा, साथ ही भोजन में प्रयुक्त की जा रही सामग्री की गुणवत्ता भी देखी। इसके



पश्चात बच्चों के साथ ही कतार में बैठ कर जिला कलक्टर ने भोजन ग्रहण किया और गुणवत्ता पर संतोष जाहिर किया। कलक्टर ने विद्यालय के शौचालय का भी अवलोकन किया और सफाई व्यवस्था बेहतर करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने बच्चों से संवाद करते हुए व्यवस्थाओं पर फीडबैक लिया। कलक्टर ने बच्चों को जीवन में सफलता की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों को बताया कि कड़ी मेहनत, समर्पण और आत्मविश्वास से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। बच्चों में अपने सपनों को साकार करने की एक नई ऊर्जा दिखाई दी, जब किसी बच्चे ने डॉक्टर बनने की इच्छा जताई, तो कलक्टर ने उन्हें बताया कि यह पेशा समाज सेवा का सबसे उच्चतम रूप है और इसके लिए निरंतर संघर्ष करना पड़ता है। इसी तरह, जब किसी अन्य बच्चे ने आईएएस अधिकारी बनने की ख्वाहिश जाहिर की, तो कलक्टर ने कहा कि इस दिशा में मेहनत और अनुशासन से ही सफलता प्राप्त होती है।

## प्रोजेक्ट सक्षम सखी के तहत 1 मार्च को राजीविका के मेगा क्रेडिट कैंप और ट्रेड फेयर का होने जा रहा आयोजन

# जिला कलेक्टर बालमुकुंद असावा ने आगामी योजनाओं और महत्वपूर्ण विकास कार्यों की दी जानकारी

● पदमावत मीडिया

**राजसमन्द।** आगामी 1 मार्च को प्रोजेक्ट सक्षम सखी के द्वितीय संस्करण के तहत राजीविका का होली मेला, मेगा क्रेडिट कैंप एवं मेगा ट्रेड फेयर का आयोजन होने जा रहा है। इस पर जिला प्रशासन द्वारा प्रथम संस्करण में 21 करोड़ के क्रेडिट लिंकेज के बाद अब द्वितीय संस्करण में 31 करोड़ रुपए के क्रेडिट क्रेडिट का टारगेट लेकर मिशन मोड पर कार्य किया जा रहा है। जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने बताया कि इस बार विशेष रूप से एसएचजी द्वारा नई पैकिंग में तैयार हर्बल गुलाल, मिट्टी के गमले, मिट्टी की बोतलें, जूट के बैग को प्रमोट करते हुए इनकी व्यापक बिक्री के प्रयास किए जा रहे हैं। कलक्टर ने बताया कि इस शिविर में 18-20 स्टॉल रहेगी जहां अन्य उत्पाद जैसे मीनाकारी, नमकीन, अचार, साबुन आदि की बिक्री होगी। जिला



कलक्टर ने आमजन से अपील की है कि जिले के ग्रामीण क्षेत्र की इन महिलाओं द्वारा तैयार उत्पाद जरूर खरीदें और इन्हें प्रोत्साहन प्रदान करें।जिला कलक्टर ने यह भी बताया कि जिला प्रशासन ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत सामुदायिक स्वच्छता अभियानों के माध्यम से व्यापक रूप से सफाई का कार्य किया है। ग्रामीण क्षेत्र में वर्षों पुराना लिगसी वेस्ट साफ हुआ है। स्वच्छता को लेकर पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ प्रयास निरंतर जारी हैं। जिला कलक्टर ने बताया है कि 22 फरवरी शनिवार को माय हॉस्पिटल क्लीन हॉस्पिटल अभियान का आयोजन होने जा रहा है, जिसके तहत जिला चिकित्सालय, उप जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से लेकर उप स्वास्थ्य केंद्र तक हर चिकित्सा संस्थान में सफाई अभियान चलाया जाएगा जिसमें भामाशाह भी सहयोग करेंगे। कलक्टर ने कहा है कि इस अभियान को लेकर चिकित्सा महकमा और प्रशासन उत्साहित हैं। मार्च कर 500 करोड़ के कार्य पूर्ण होने का लक्ष्य जिला कलक्टर ने बताया है कि जिले में वर्तमान में लगभग 3 हजार करोड़ से अधिक राशि के विकास कार्य प्रगतिरत है। इनमें लगभग 500 करोड़ के विकास कार्य मार्च अंत तक पूर्ण करने को लेकर जिला प्रशासन प्रतिबद्धता से प्रयास कर रहा है ताकि जनता को इन विकास कार्यों का समुचित ढंग से लाभ मिले।

# शिवराज स्टेडियम अब शिवराज सुखराज नाहर स्टेडियम के नाम से जाना पहचाना जायेगा

● पदमावत मीडिया




**भीनमाल।** ब्रह्मगुप्त एवं कवि माघ की नगरी में नगर खेल परिषद के तत्वाधान में संचालित शिवराज स्टेडियम के आवटंन की लीज डीड 99 वर्षों के लिए नवीनीकरण होने पर शिवराज स्टेडियम के संचालन व प्रबन्धन में स्थानीय भामाशाह सुखराज बाबुलाल नाहर ने स्वीकृति दी है। अब देश के नामी स्टेडियम में यहां का स्टेडियम अन्तर्राष्ट्रीय स्टेडियम के रूप में अपनी पहचान बना लेगा। मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि अब नगर खेल परिषद के सौजन्य से चलने वाला स्टेडियम ÷शिवराज एवं सुखराज नाहर स्टेडियम के नाम से जाना जायेगा। यहां पर खेलो के माध्यम से खिलाडी पूरे देश एवं विश्व में शहर का नाम गौरविन्त कर सकेगें। गणमान्य नागरिकों ने सुखराज नाहर का अभिनन्दन एवं आभार जताया । साथ ही नाहर ग्रुप द्वारा स्टेडियम के मैनेजमेंट के लिए अशोक सेठ को नियुक्त किया गया। नगर के गण मान्य नागरिकों की बैठक स्टेडियम प्रांगण में आयोजित की गई । जिसमें शहर के विकास के लिए स्टेडियम को अन्तर्राष्ट्रीय स्वरूप देने के लिए सुखराज नाहर का आभार व्यक्त करते हुए अधिकांश लोगों ने अपने सुझाव भी दिये । इस अवसर पर डॉ. श्रवणकुमार मोदी, घेवरचंद कांनूगो, अशोक सेठ, मदनराज कांनूगो, भंवरलाल शर्मा, माणकमल भंडारी, राजेन्द्रकुमार, मनोहरमल बाफना, अशोक दिवाकर, श्रवणकुमार, मदन शर्मा सहित कई खेल प्रेमी उपस्थित रहे ।

## अखिल भारतीय पुलिस वाटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता, आईटीबीपी ने कयाकिंग तथा बीएसएफ ने केनोईंग व सीआरपीएफ ने जीती रोईंग चैम्पियनशिप

# राज्यपाल मंगूभाई पटेल के मुख्य आतिथ्य में हुआ प्रतियोगिता का समापन

● पदमावत मीडिया





**भोपाल।** 24वीं अखिल भारतीय पुलिस वाटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता की ओवर ऑल कयाकिंग चैम्पियनशिप आईटीबीपी, केनोईंग चैम्पियनशिप बीएसएफ और रोईंग चैम्पियनशिप सीआरपीएफ ने जीत ली है। कयाकिंग में बीएसएफ की टीम, केनोईंग में उत्तरप्रदेश पुलिस एवं रोईंग में असम राईफल पुलिस की टीम रनर अप रही। प्रदेश की राजधानी भोपाल स्थित ऐतिहासिक बड़े तालाब में मध्यप्रदेश पुलिस की मेजबानी में चल रही पांच दिवसीय इस प्रतियोगिता का समापन शुक्रवार को सायंकाल राज्यपाल माननीय मंगूभाई पटेल के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण तथा सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग, पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा, अपर मुख्य सचिव गृह जे.एन.कंसोटिया, अखिल भारतीय पुलिस वाटर स्पोर्टस प्रतियोगिता के अध्यक्ष एवं विशेष पुलिस महानिदेशक विजय कटारिया, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एसएएफ राकेश गुप्ता व ऑल इंडिया पुलिस स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड की प्रतिनिधि एवं ज्वाईंट डायरेक्टर आईबी श्रीमती शशि अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक खेल रवि कुमार गुप्ता तथा अखिल भारतीय पुलिस वाटर स्पोर्टस प्रतियोगिता की सचिव श्रीमती कृष्णावेणी देसावतु मौजूद थी। राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश पुलिस द्वारा अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट और अखिल भारतीय पुलिस वाटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का आयोजन सराहनीय है। उन्होंने कहा कि पांच दिवस आयोजन में उच्च कोटि के साहसिक खेल कौशल का परिचय देने वाले पुलिस और केंद्रीय बलों की सभी 22 टीमों के 565 महिला और पुरुष खिलाड़ियों को झीलों की राजधानी भोपाल में प्रथम नागरिक के रूप में स्वागत करता हूं । पटेल ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए डीजीपी एवं मध्यप्रदेश पुलिस को बधाई दी। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी जी खेलों के प्रति आम जल के नजरिया में बड़ा बदलाव लाए हैं। उन्होंने फिट इंडिया मूवमेंट में और खेलो इंडिया जैसे प्रतियोगिता के आयोजनों को बढ़ावा दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफल खिलाड़ियों को आर्थिक प्रोत्साहन और सरकारी सेवाओं में केंद्र और राज्य सरकार द्वारा नियुक्त दी जा रही है। खेलों के प्रोत्साहन के लिए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में विशेष मार्ग प्रावधान कर मोदी जी ने देश में नए खेल संस्कृत का वातावरण बनाया है। उनके प्रयासों से खेलों में रोजगार अनेक नए अवसर भी बढ़ने लगे हैं अब खेलों का दायरा सम्मान और कैरियर तक विस्तृत हो गया है। मोदी जी के प्रयासों का सूचक फल है कि अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता हो ओलंपिक प्रतियोगिता हो सभी में खिलाड़ी ऐतिहासिक प्रदर्शन के कीर्तिमान बना रहे हैं। पटेल ने कहा कि खेलों से व्यक्तिगत विकास और चरित्र निर्माण के साथ ही जीवन की शिक्षा के महत्वपूर्ण सबक मिलते हैं जो आगे चलकर जीवन के संघर्ष जिम्मेदारियां, कठिन परिस्थिति और चुनौतियों पर विजय पाकर सफल बनने की प्रेरणा और संभल बनता है। उन्होंने उपस्थित खिलाड़ियों से कहा कि सफलता के दौर में भी आत्म अनुशासन और विनम्रता को बनाए रखते हुए कमियों को दूर और कौशल को बेहतर बनाते जाए। आशा है कि आप सब उपलब्धियां से वर्तमान और भावी पीढ़ी के भविष्य के और विश्व पटल पर राष्ट्र का अभिमान बनाने की प्रेरणा सबको देंगे। साथ ही उन्होंने विजेता व उप विजेता टीमों सहित प्रतियोगिता में पदक हासिल करने वाले सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि मध्य प्रदेश पुलिस को इस सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि खेल किसी भी व्यक्ति के जीवन का महत्वपूर्ण आयाम है। यह न केवल शारीरिक क्षमता को विकसित करता है, बल्कि मानसिक रूप से भी व्यक्ति को सुदृढ़ बनाता है। उन्होंने कहा कि पुलिस, अर्धसैनिक बल और सेना जैसी सेवाओं में कार्यरत लोगों के लिए शारीरिक और मानसिक सुदृढ़ता बेहद आवश्यक होती है और खेल इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने मध्य प्रदेश पुलिस के साहसिक कार्यों की भी सराहना करते हुए कहा कि राज्य से डकैतों का खात्मा हो चुका है, और हाल ही में पुलिस ने नक्सलियों के खिलाफ भी बड़ी सफलता हासिल की है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनेगा, और इसमें मध्य प्रदेश महत्वपूर्ण योगदान देगा। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हार-जीत खेल का हिस्सा है, लेकिन प्रतियोगिता में भाग लेना ही सबसे बड़ी उपलब्धि होती है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों और आयोजन समिति को बधाई दी और भविष्य में ऐसे आयोजनों को बढ़ावा देने की बात कही। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने कहा कि इस प्रतियोगिता का 24 वीं बार आयोजन किया जा रहा है और हमारे मध्य प्रदेश का सौभाग्य है कि प्रदेश को यह प्रतियोगिता आयोजित करने हेतु छठवीं बार यह गौरव प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि भोपाल की खूबसूरत झील, जो न सिर्फ भोपाल बल्कि पूरे देश के लिए एक शान है और वॉटर स्पोर्ट्स के लिए एक बहुत महत्वपूर्ण केंद्र बिंदु बन चुका है। प्रदेश शासन ने इस खेल को आगे बढ़ाने हेतु निरंतर बहुत सहयोग दिया है और सभी को सुसज्जित किया है। मकवाणा ने कहा कि प्रदेश पुलिस के अलावा पुलिसकर्मी केवल एक वर्दीधारी योद्धा ही नहीं बल्कि अद्वितीय खिलाड़ी भी होता है यह भी साबित हुआ है। उन्होंने रोईंग, कयाकिंग व केनोईंग चैम्पियनशिप जीतने वाली टीमों को बधाई दी। साथ ही पदक से वंचित रह गए खिलाड़ियों को भविष्य में सफलता प्राप्त करने के लिए शुभकामनाएँ दी। उन्होंने कहा कि 17 से 21 फरवरी 2025 तक ऐतिहासिक भोपाल ताल में चली इस अखिल भारतीय प्रतियोगिता में कयाकिंग, केनोईंग एवं रोईंग की महिला-पुरूष वर्ग की कुल 27 स्पर्धाएं हुईं। जिसमें राज्य पुलिस बलों और केन्द्रीय अर्द्ध सैनिक बलों की 22 टीमों के 557 खिलाड़ियों ने अपनी उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में ऑल इंडिया पुलिस स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड की ज्वाईंट डायरेक्टर श्रीमती शशि ने भी विचार व्यक्त किए और पुलिस टीमों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त की गईं उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। अंत में प्रतियोगिता की मुख्य आयोजन समिति की सचिव आई.पी.एस. कृष्णावेणी देसावतु ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने खासतौर पर खेल विभाग की पूरी टीम कयाकिंग, केनोईंग व रोईंग फेडरेशन तथा राज्य आपदा प्रबंधन दल और 7 वीं, 10 वीं, 23 वीं व 25 वीं वाहिनी के प्रति भी विशेष रूप से आभार जताया।

### ऐतिहासिक झील में वोट मार्च का अद्भुत नजारा

24वीं अखिल भारतीय पुलिस वाटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता के समापन अवसर पर ऐतिहासिक भोपाल ताल का अद्भुत नजारा खेल प्रेमी शायद ही कभी भुला पाएँगे। शुक्रवार को खुशनुमा नजारे के बीच अनुशासन बद्ध ढंग से आकर्षक बोट मार्च निकला। पुलिस बैंड द्वारा निकाली जा रही देशभक्ति गीत ने वोट मार्च को और भी आकर्षक बना दिया। जाहिर है इस अवसर पर मौजूद खेल प्रेमी वाह-वाह कहने को मजबूर हो गए। वोट मार्च में अंडमान निकोबार द्वीप समूह, आसाम पुलिस, आसाम रायफल, आंध्रप्रदेश, बीएसएफ, सीआरपीएफ, छत्तीसगढ़, आईटीबीपी, जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र, उड़ीसा, पंजाब, एसएसबी, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल व मध्यप्रदेश पुलिस की टीमें शामिल थीं।

### राज्यपाल ने देखे फायनल मुकाबले और चैम्पियनशिप ट्रॉफी प्रदान कीं

प्रतियोगिता के आखिरी दिन समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल माननीय मंगूभाई पटेल की मौजूदगी में कयाकिंग के-2 व केनोईंग सी-2 के 200 मीटर प्रतिस्पर्धा के फायनल मुकाबले हुए। उन्होंने पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहीं टीमों को क्रमशः गोल्ड, सिल्वर व ब्रॉन्ज मैडल प्रदान किए। साथ ही कयाकिंग, केनोईंग व रोईंग चैम्पियनशिप की विनर एवं रनरअप टीमों को ट्रॉफी सौंपी। उन्होंने कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिता के समापन की घोषणा की और ध्वज डीजीपी को सौंपा। कयाकिंग में आईटीबीपी का दबदबा रहा। आईटीबीपी ने 09 गोल्ड, 04 सिल्वर व 01 ब्रॉन्ज मैडल सहित कुल 14 मैडल अपने नाम कर चैम्पियनशिप जीत ली। कयाकिंग की रनरअप बीएसएफ की टीम रही। बीएसएफ ने 03 गोल्ड व 08 सिल्वर और 06 ब्रॉन्ज मिलाकर 17 मैडल अपने नाम किए। केनोईंग की चैम्पियनशिप पर बीएसएफ ने अपना कब्जा जमाया। बीएसएफ ने 09 गोल्ड, 03 सिल्वर व 03 ब्रॉन्ज सहित कुल 15 पदक जीते। केनोईंग की रनरअप उत्तरप्रदेश पुलिस रही जिसने 02 गोल्ड, 04 सिल्वर व 01 ब्रॉन्ज सहित 07 मैडल अपने नाम किए। रोईंग चैम्पियनशिप पर 04 गोल्ड, 02 सिल्वर व 01 ब्रॉन्ज सहित कुल 07 पदक हासिल कर सीआरपीएफ ने कब्जा जमाया। रोईंग की रनरअप असम राईफल पुलिस रही, जिसने 03 गोल्ड, 02 सिल्वर व 01 ब्रॉन्ज सहित 06 मैडल अपने नाम किए।

### कयाकिंग के पदक इन्होंने अपने नाम किए

शुक्रवार को हुई कयाकिंग 200 मीटर एकल प्रतिस्पर्धा में आईटीबीपी के प्रभात कुमार ने गोल्ड मैडल जीता। सिल्वर मैडल (समय 00ः39.701) एसएसबी के बिजले सुरज और ब्रॉन्ज मैडल (समय 00ः40.238) सीआरपीएफ के उदित कुमार ने जीता है। कयाकिंग की 200 मीटर युगल स्पर्धा में आईटीबीपी के गोल्ड पर कब्जा जमाया। इस प्रतिस्पर्धा में सिल्वर मैडल बीएसएफ. एवं ब्रॉन्ज मैडल एसएसबी ने जीता। कयाकिंग की 200 मीटर के-4 प्रतिस्पर्धा के गोल्ड मेडल पर एएसबी टीम ने कब्जा जमाया। इस प्रतिस्पर्धा का सिल्वर मेडल बीएसएफ ने जीता। ब्रॉन्ज मेडल पर आईटीबीपी ने कब्जा जमाया। इसी प्रकार महिला कयाकिंग 200 मीटर एकल प्रतिस्पर्धा में आईटीबीपी की सोनिया देवी ने गोल्ड जीता। सिल्वर मेडल बीएसएफ की बिदिया देवी और ब्रॉन्ज मेडल पंजाब की रविन्द्रजित कौर ने जीता है। कयाकिंग की 200 मीटर स्पर्धा में आईटीबीपी ने गोल्ड, बीएसएफ ने सिल्वर तथा ब्रॉन्ज सीआरपीएफ ने जीता। कयाकिंग की 200 मीटर के-4 प्रतिस्पर्धा में आईटीबीपी ने गोल्ड, एसएसबी ने सिल्वर तथा बीएसएफ ने ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा जमाया

### इन टीमों ने जीते केनोईंग के पदक

केनोईंग की 200 मीटर व्यक्तिगत स्पर्धा का गोल्ड मैडल 00ः43.393 मिनिट का समय निकालकर बीएसएफ के राधाकांता सिंह ने अपने नाम किया। सीआरपीएफ के रोबिन सिंह ने 00ः43.864 मिनिट का समय निकाल कर सिल्वर मैडल और एसएसबी के गौतम साजी ने 00ः44.416 मिनिट का समय निकालकर ब्रॉन्ज मैडल जीता है। इसी लंबाई में केनोईंग की युगल स्पर्धा में बीएसएफ ने गोल्ड मैडल अपने नाम किया। सिल्वर मैडल पर उत्तरप्रदेश पुलिस एवं ब्रॉन्ज मैडल जम्मू कश्मीर ने कब्जा जमाया। केनोईंग की इसी लंबाई की सी-4 स्पर्धा का गोल्ड मैडल बीएसएफ ने जीता। इस प्रतिस्पर्धा के सिल्वर मेडल पर जम्मू एंड कश्मीर एवं ब्रॉन्ज मेडल पर सीआरपीएफ ने कब्जा जमाया। इसी प्रकार महिला केनोईंग 200 मीटर एकल प्रतिस्पर्धा में उड़ीसा की रश्मीता साहूने गोल्ड जीता। सिल्वर मेडल एसएसबी की शिवानी और ब्रॉन्ज मेडल बीएसएफ की इनोचा देवी ने जीता है। केनोईंग की 200 मीटर सी-2 स्पर्धा में आईटीबीपी ने गोल्ड, उड़ीसा ने सिल्वर तथा ब्रॉन्ज बीएसएफ ने जीता। केनोईंग की 200 मीटर सी-4 प्रतिस्पर्धा में आईटीबीपी ने गोल्ड, एसएसबी ने सिल्वर तथा तेलंगाना ने ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा जमाया मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा आयोजित पाँच दिवसीय अखिल भारतीय वाटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता ने रोमांच और उत्कृष्टता का नया कीर्तिमान स्थापित किया। देशभर से आए प्रतिभागी इस भव्य आयोजन का हिस्सा बने और पुलिस विभाग द्वारा की गई उत्तम व्यवस्थाओं की जमकर सराहना की। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया, वहीं मध्य प्रदेश पुलिस ने सुरक्षा, अनुशासन और उच्च स्तरीय व्यवस्थाओं के साथ आयोजन को यादगार बना दिया। इस शानदार आयोजन ने न केवल खेल भावना को प्रोत्साहित किया, बल्कि मध्य प्रदेश को वाटर स्पोर्ट्स हब के रूप में एक नई पहचान भी दिलाई।

# बाड़मेर जिले में अवैध शराब के विरूद्व थाना गुड़ामालानी पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**बाड़े में छुपा रखी थी लाखों की शराब, 212 कार्टन पंजाब निर्मित अंग्रेजी शराब, जब्त शराब की अनुमानित कीमत करीब 25 लाख रूपये**

● पदमावत मीडिया



**बाड़मेर ।** जिले की थाना गुड़ामालानी पुलिस में अवैध शराब तस्करी के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के पनावली गांव में दबिश देकर एक ढाणी में बने चारे के बाड़े में छुपा कर रखी पंजाब निर्मित अवैध अंग्रेजी शराब के 212 कार्टन जप्त किए हैं। जब्त शराब की अनुमानित कीमत करीब 25 लाख रुपए है। एसपी नरेन्द्र सिंह मीना ने बताया कि नशाखोरी पर प्रभावी नियन्त्रण एवं उन्मुलन एवं मादक पदार्थ तस्करो के विरूद्ध कार्रवाई करने के लिए दिये गये निर्देश पर सीओ सुखाराम विश्नोई के सुपरविजन में एसएचओ देवीचन्द ढाका मय टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर पनावली गांव मे आरोपी हनुमान उर्फ पुट्टिय विश्नोई पुत्र रतना राम के रहवासी ढाणी में दबिश दी गई। तलाशी लेने पर चारे के बाड़े में व बाहर छुपाकर रखी पंजाब निर्मित अवैध अंग्रेजी शराब के कुल 212 कार्टन बरामद करने मे सफलता हासिल की गई। पुलिस की भनक लगने से आरोपी फरार हो गया था। जिसकी तलाश की जा रही है। जब्त शराब की अनुमानित कीमत करीब 25 लाख रूपये आंकी गई है। इस संबंध मे पुलिस थाना गुड़ामालानी मे प्रकरण आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज किया जाकर अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है। इस कार्रवाई में एसएचओ देवी चन्द ढाका सहित एएसआई प्रहलाद राम, कांस्टेबल चेतन राम, प्रवीण कुमार, लिच्छाराम, हिगोल सिंह, मोहनलाल, भंवराराम एवं महिला कांस्टेबल जमना शामिल थी थी।

## केन्द्रीय डेयरी, पशुपालन एवं मत्स्य राज्यमंत्री ने किया उदयपुर सरस डेयरी का अवलोकन

# गांवों मे डेयरी गतिविधियां बढ़ाएं व अधिकाधिक पशुपालकों को डेयरी व्यवसाय से जोड़े-श्री बघेल

● पदमावत मीडिया



**उदयपुर।** भारत सरकार के केन्द्रीय डेयरी पशुपालन एवं मत्स्य राज्यमंत्री प्रो.एस.पी.सिंह बघेल ने उदयपुर सरस डेयरी का सघन दौरा किया। मंत्री श्री बघेल ने दुग्ध संघ का गहनता से भ्रमण कर दुग्ध की प्रोसेसिंग, गुण नियंत्रण, दुग्ध उत्पाद यथा घी, छाछ, लस्सी, पनीर, श्रीखंड, फ्लेवर्ड मिल्क, कुल्फी, मावा एवं पेड़ा के निर्माण प्रक्रिया की जानकारी ली एवं उदयपुर दुग्ध संघ द्वारा किये जा रहे कार्यो की सराहना की। मंत्री ने संयंत्र भ्रमण के दौरान गांवों मे डेयरी गतिविधियों को बढाने एवं अधिक से अधिक पशुपालकों को डेयरी व्यवसाय से जोड़ने तथा दूध एवं दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता अच्छी रखने पर जोर दिया। केन्द्रीय मंत्री ने पशुपालकां द्वारा परम्परागत खेती के साथ नई तकनीक एवं औषधीय खेती अपनाने एवं पशु संवर्धन हेतु सेक्स सोरटेड सीमन कृत्रिम गर्भाधान पद्धति अपनाने पर जोर दिया ताकि 90 प्रतिशत से ज्यादा उच्च नस्ल की बछड़ियां पैदा हो। उन्होंने भारत सरकार का खुरपका, मुखपका एवं गलघोटू बीमारियों से पशुओं को मुक्त कराने का संकल्प दोहराया। उन्होंने उदयपुर के लिए राजस्थान सरकार द्वारा बजट मे 3 लाख लीटर दूध/प्रतिदिन क्षमता का नया डेयरी संयंत्र एवं 150 टन प्रतिदिन क्षमता का पशु आहार संयंत्र स्थापित करने की घोषणा को सराहनीय बताया और राजस्थान की डेयरी मे नई एवं उच्च तकनीकों के आदान प्रदान हेतु एनडीडीबी के साथ जल्द ही एक बैठक आयोजित करने को कहा। दुग्ध संघ उदयपुर के अध्यक्ष डालचंद डांगी व प्रबंध संचालक विपिन शर्मा ने केन्द्रीय मंत्री का साफा एवं उपरणा पहनाकर स्वागत किया। अध्यक्ष डांगी ने संघ के माध्यम से सरकार की ओर से आमजन को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। संघ के प्रबंध संचालक विपिन शर्मा ने संघ के समस्त कार्यकलापों एवं दुग्ध उत्पादकों के लिये चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए संघ की प्रगति से अवगत कराया। इस अवसर पर पशुपालन विभाग के अधिकारी एवं संघ के सभी अनुभाग प्रभारी उपस्थित थे।

# 13 वर्षों से फरार आरोपी गिरफ्तार एंटॉप हिल पुलिस की सफल कार्रवाई

● पदमावत मीडिया



**मुंबई ।** एंटॉप हिल पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए वर्ष 2012 से फरार एक गंभीर अपराधी को गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने सायन कोलीवाड़ा इलाके में जाल बिछाकर इस अपराधी को पकड़ने में सफलता प्राप्त की।

### अपराध का इतिहास और तलाशी अभियान

आरोपी कुप्पन मारियप्पन देवेंद्र (36 वर्ष) के खिलाफ गुन्हा क्रमांक 96/2012 के तहत भारतीय दंड संहिता की धारा 307 (हत्या का प्रयास), 452 (जबरन घर में घुसना), 324, 323 (चोट पहुंचाना), 143, 144, 146, 147, 148, 149 (गैरकानूनी भीड़) तथा शस्त्र अधिनियम 4, 25 और महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम 37(1) सह 135 के अंतर्गत मामला दर्ज था। आरोपी पिछले 13 वर्षों से फरार था और उसके खिलाफ स्थायी वारंट भी जारी किया गया था। अपर पुलिस आयुक्त अनिल पारसकर और अतिरिक्त सत्र न्यायालय क्र. 30 द्वारा एंटॉप हिल पुलिस को विशेष निर्देश दिए गए थे।

### गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तारी

पुलिस उपायुक्त रागसुधा आर., सहायक पुलिस आयुक्त शैलेंद्र धिवार, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक सुधाकर ढाणे के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम का गठन किया गया। इस टीम में पुलिस उपनिरीक्षक अरफात सिद्दीकी, पुलिस हवलदार गोरख सानप, शिवाजी दहिफले और महिला पुलिस अधिकारी काजल सपकाळ शामिल थे। पुलिस ने पहले आरोपी की मां और बहन से पूछताछ की, लेकिन कोई ठोस जानकारी नहीं मिली। इसके बाद पुलिस ने इलाके में गुप्त रूप से निगरानी शुरू की। इसी दौरान सूचना मिली कि आरोपी एक स्क्रपरियोजना के सर्वेक्षण के लिए आने वाला है।

### चतुराई से पुलिस ने आरोपी को दबोचा

20 फरवरी 2025 को दोपहर 12 बजे, पुलिस ने सायन कोलीवाड़ा में जाल बिछाया। पुलिस टीम सर्वेक्षण अधिकारियों में घुलमिल गई और आरोपी पर नजर बनाए रखी। जब आरोपी ने सर्वेक्षण के लिए आधार कार्ड पेश किया, तो पुलिस ने उसकी पहचान की पुष्टि की। जैसे ही पुलिस को यकीन हुआ कि यही फरार आरोपी है, तुरंत उसे गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी को स्थायी वारंट के तहत न्यायालय में पेश किया गया।

### न्यायिक प्रक्रिया और आगे की कार्रवाई

सत्र न्यायालय ने आरोपी को 6 मार्च 2025 तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस कार्रवाई का नेतृत्व पुलिस उपायुक्त रागसुधा आर., सहायक पुलिस आयुक्त शैलेंद्र धिवार, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक सुधाकर ढाणे, अपराध शाखा के पुलिस निरीक्षक समीर कांबले और सपोनि सतीश काबळे ने किया। इस पूरी सफलता में पुलिस उपनिरीक्षक अरफात सिद्दीकी, हवलदार गोरख सानप, शिवाजी दहिफले और महिला पुलिस अधिकारी काजल सपकाळ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस की इस सतर्कता के कारण 13 वर्षों से फरार अपराधी को पकड़ लिया गया, जिससे इलाके में कानून-व्यवस्था को बनाए रखने में मदद मिलेगी।

## दौसा जिले में थाना राहूवास पुलिस की कार्रवाई

# अपहरण के मुकदमे मे करीब 1 महीनों से फरार चले रहे आरोपी दो भाईयो को किया गिरफ्तार

● पदमावत मीडिया



**दौसा ।** जिले की राहूवास थाना पुलिस ने अपहरण के मामले में करीब 1 महीने से फरार चल रहे दो आरोपी भाइयों सुखलाल मीना पुत्र हरिओम (28) एवं जयराम मीना (30) निवासी मिलक सराय थाना नादौती जिला करोली को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त एक कार जप्त की है। एसपी सागर राणा ने बताया कि तोफराम बैरवा निवासी डुंगरपुरीया की ढाणी दुर्जनवास ने एक रिपोर्ट दी थी कि 24 जनवरी की सुबह 11 बजे गोलू गडोरा उसके पुत्र पिंटू कुमार को रास्ते मे कार में बैठा कर ले गया। कुछ देर बाद पिंटू के वाट्स एप नम्बर से कॉल आया। दूसरी ओर से बच्चे की रोने ओर मारपीट की आवाज आ रही थी। फिर गोरव बैरवा निवासी रोडिया की ढाणी सलेमपुरा और गोलू गडोरा ने फोन पर धमकी दे पैसो की मांग की। रिपोर्ट पर थाना राहूवास में मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। आईजी जयपुर रेंज अजयपाल लाम्बा व एसपी सागर राणा के द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश अग्रवाल व सीओ चारूल गुप्ता के सुपरविजन मे टीमें गठित की गई है। इस मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए थानाधिकारी राहुवास रजत खींची के नेतृत्व मे टीम का गठन कर तलाश शुरू की गई। गठित टीम द्वारा आसूचना संकलन तकनीकी एवं मुखबिर की मदद से तलाश कर आरोपी सुखलाल मीना एवं जयराम मीना को गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त कर घटनाक्रम मे प्रयुक्त फोरव्हीलर कार आई 20 जप्त की गई। पूर्व मे मामले में एक विधि से संघर्षरत बालक को निरुद्ध किया जा चुका है। शेष आरोपियों की तलाश जारी है । इस कार्रवाई में एसएचओ रजत खींची सहित हेड कांस्टेबल पप्पू लाल, भगवान सिंह, बत्ती लाल, कांस्टेबल राजेंद्र व देवेंद्र शामिल थे।

## ग्रामीणों के परिवेदनाओं का निस्तारण करने के निर्देश

# ग्राम पंचायत रघुनाथपुरा में अतिरिक्त जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में रात्रि चौपाल आयोजित

● पदमावत मीडिया

**डूंगरपुर।** अतिरिक्त जिला कलक्टर दिनेश चन्द्र धाकड़ अध्यक्षता में गरूवार को पंचायत समिति दोवड़ा के ग्राम पंचायत रघुनाथपुरा में रात्रि चौपाल की। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रघुनाथपुरा में आयोजित रात्रि चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी परिवेदनाएं लेकर उपस्थित हुए। अतिरिक्त जिला कलक्टर धाकड़ ने आत्मीयतापूर्वक परिवेदनाओं को सुना एवं संबंधित अधिकारियों से तथ्यात्मक जानकारी लेकर नियमानुसार शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।



### विभागीय योजनाओं की दी जानकारी

रात्रि चौपाल में कृषि विभाग के अधिकारी ने तारबंदी योजना, सिंचाई के लिए पाइपलाइन योजना, फव्वारा सिंचाई योजना, कृषि एवं उद्यानिकी से संबंधित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। वहीं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ने निःशुल्क दवाई योजना, माँ वाउचर योजना, मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना, मुख्यमंत्री जीवन रक्षक योजना, मुख्यमंत्री दुर्घटना बीमा योजना की जानकारी दी गई। इसी प्रकार शिक्षा विभाग, बिजली विभाग, रसद विभाग, जलदाय विभाग, पंचायती राज विभाग सहित समस्त विभागीय अधिकारियों ने योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर दिनेश चन्द्र धाकड़ ने उपस्थित आमजन से राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की।

### ये आई परिवेदनाएं

आयोजित रात्रि चौपाल में हेण्डपम्प लगवाने, निजी एवं सार्वजनिक कुओं की स्वीकृति करवाने, नल कनेक्शन जांच करवाने, प्रधानमंत्री आवास योजना अन्तर्गत स्वीकृत आवास की राशि का भूगतान करवाने, अधूरी सीसी सड़क एवं रींगवाल कार्य पूर्ण करवाने, प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत करवाने, मोदरा आगनवाड़ी भवन निर्माण अधूरा होने, मेन रोड़ से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तक डामरीकरण करवाने, हर-घर नल कनेक्शन योजना के तहत एसडीपी पाईप लगवाने, पीएम किसान योजना के तहत लाभ नहीं मिलने सहित अन्य परिवेदनाएं प्रस्तुत की। जिस पर अतिरिक्त जिला कलक्टर धाकड़ ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को नियमानुसार शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए।

### प्रतिभावन छात्र-छात्राओं का किया अभिनन्दन

रात्रि चौपाल में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रघुनाथपुरा के उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने वाले कक्षा बाहरवी और दसवी में छात्र-छात्राओं का पगडी पहनाकर सम्मानित कर प्रोत्साहित किया। अतिरिक्त जिला कलक्टर दिनेश चन्द्र धाकड़ ने कहा कि सभी सम्मानित होने वाले छात्र-छात्राएं बधाई के पात्र है, अपना लक्ष्य निर्धारित कर अध्ययन करें। उन्होंने चौपाल में उपस्थित ग्रामीणों से कहा कि आपने जो भी परिवेदनाएं दी है उनको हम संपर्क पोर्टल पर दर्ज कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को भेजकर शीघ्र ही निस्तार करवाएंगे। मुख्य कार्यकारी अधिकारी हनुमान सिंह राठौड़ ने कहा कि रात्रि चौपाल करने का मुख्य उदेश्य है कि सभी जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुना जाए और शीघ्र ही निस्तारण करवाकर राहत प्रदान की जाए। इस अवसर पर रघुनाथपुरा सरपंच गणेशलाल ननोमा, उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार एवं विकास अधिकारी सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## पुलिस के आधुनिकीकरण, बेहतर सुविधाओं और वर्क लाइफ बैलेंस का उठाया मुद्दा

# नाथद्वारा विधायक श्री विश्वराज सिंह मेवाड़ ने विधानसभा में उठाया मुद्दा

● पदमावत मीडिया

**नाथद्वारा/जयपुर।** नाथद्वारा विधायक श्री विश्वराज सिंह मेवाड़ ने विधानसभा में पुलिस की विभिन्न समस्याओं का समाधान करने और पुलिस के आधुनिकीकरण की मांग उठाई है। उन्होंने विधानसभा में कहा कि महत्वपूर्ण सुविधाओं के अभाव में पुलिस में क्षमता में कमी आ रही है। साइबर अपराध तेजी से बढ़े हैं, एआई आने से ऐसे अपराध और बढ़े है, तकनीकी दक्ष कार्मिकों की भर्ती जरूरी है, आपराधिक कानून लागू होने से सभी अनुसंधान ऑनलाइन हो गए है, लेकिन अधिकारियों को इलेक्ट्रॉनिक उपकरण की सुविधा पूर्ण रूप से उपलब्ध नहीं है, कई बार तो स्टेशनरी भी नहीं मिलती। पुलिस सिपाहियों को 150 रुपए साइकिल भत्ता मिलता है जो आज के युग में अप्रासंगिक है। फील्ड पोस्टिंग का भत्ता भी प्रासंगिक नहीं है। कॉन्स्टेबल का ग्रेड पे 2400 है, सिपाही से निरीक्षक तक हर स्तर पर मैस भत्ता भी बढ़ाने की जरूरत है।



पुलिस कर्मियों को पर्याप्त क्वार्टर थाना स्तर पर पर्याप्त उपलब्ध नहीं है। घर से आने-जाने के लिए वाहन और वाहन भत्ता भी उपलब्ध नहीं है। ऐसे में पुलिस परिवार के प्रति अपनी जिम्मेदारी कैसे निभाए। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रक्रिया में संतुलन और आधुनिकीकरण आवश्यक है।

# राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े करेंगे बालचरों का सम्मान





● पदमावत मीडिया

**डूंगरपुर।** डूंगरपुर जिले से 8 स्काउट गाइड रोवर रेंजर कर रहें राज्य पुरस्कार समारोह में जिले का प्रतिनिधित्व राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड के तत्वावधान में राज्य स्तरीय राज्य पुरस्कार सम्मान समारोह का आयोजन स्टेट ट्रेनिंग सेंटर, जगतपुरा, जयपुर में 20 से 23 फरवरी तक किया जा रहा है। इस अवसर पर सत्र 2024-25 में राज्य पुरस्कार की योग्यता प्राप्त करने वाले स्काउट, गाइड, रोवर एवं रेंजर को राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े सम्मानित करेंगे। यह सम्मान विश्व चिंतन दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय पुरस्कार सम्मान समारोह में प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। डूंगरपुर जिले से इस प्रतिष्ठित समारोह में 8 स्काउट, गाइड, रोवर एवं रेंजर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। सी.ओ. स्काउट डूंगरपुर सुनील कुमार सोनी ने बताया कि सम्मान समारोह में जिले से 03 स्काउट, 03 गाइड, 01 रोवर और 01 रेंजर को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि ये बालचर सत्र 2024-25 में राज्य पुरस्कार उत्तीर्ण करने वाले जिले के सभी बालचरों का प्रतिनिधित्व करेंगे। स्थानीय संघ सचिव भेरूलाल कटारा ने बताया कि डूंगरपुर जिले से चयनित प्रतिभागी क्षेत्रों से चयनित बालचर इस समारोह में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

इनमें प्रगति कॉलेज, डूंगरपुर से रेंजर जया ननोमा, जनजाति ओपन रोवर क्रू से अरमान भुट्टो, द स्टडी उमावि आसपुर से गाइड कीर्ति केरावत और यशिका जोशी, वीर काली बाई राजकीय जनजाति आश्रम बालिका छात्रावास ओबरी से काजल खराड़ी, राउमावि दरियाटी से अजय दामा, बहादुर रोत और निलेश भगोरा सहित प्रतिभागी स्काउट प्रभारी राहुल डामोर (राप्रावि घाटाफला डूंगर ब्लॉक चिखली) एवं गाइड प्रभारी प्रियंका कटारा (राप्रावि घोड़ाफला ब्लॉक बिछीवाड़ा) के नेतृत्व में राज्य स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे तथा राज्यपाल के हाथों सम्मानित होंगे। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चयनित होने पर सभी प्रतिभागियों ने हर्ष व्यक्त किया और अपने लिए गौरवान्वित महसूस किया।

# कहानी लेखन प्रतियोगिता का किया आयोजन

● पदमावत मीडिया

**भीनमाल ।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद द्वारा देश भर में कहानी लेखन प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जा रहा है । इसी क्रम में अखिल भारतीय साहित्य परिषद जालोर इकाई द्वारा परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष परमानंद भट्ट के दिशा निर्देश में जिले में जालोर, आहोर व भीनमाल में परिवार प्रबोधन व भारतीय परिवार व्यवस्था विषय पर कहानी लेखन प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया । उक्त प्रतियोगिता तीन स्तर पर सम्पन्न हुई । विद्यालय स्तर पर, महाविद्यालय स्तर पर व वरिष्ठ जन साहित्यकार स्तर पर । परिषद के जिला अध्यक्ष अश्विनी श्रीमाली ने बताया कि विद्यालय वर्ग में कुल 92 विद्यार्थियों ने, महाविद्यालय वर्ग में कुल 48 विद्यार्थियों ने व वरिष्ठ जन साहित्यकार वर्ग में कुल 5 प्रतिभागियों ने भाग लिया। वरिष्ठ जन एवं साहित्यकार वर्ग में प्रथम स्थान पर ओमप्रकाश खंडेलवाल, द्वितीय स्थान भरत कोराणा व तृतीय स्थान पर मीठालाल खत्री रहे। महाविद्यालय वर्ग में प्रथम स्थान भंवरलाल पुत्र प्रहलादराम, द्वितीय स्थान अंजलि कंसारा, भीनमाल व तीसरा स्थान विशाल सुथार जालोर ने प्राप्त किया। वहीं विद्यालय वर्ग में प्रथम स्थान मनीषाकुमारी निवासी बावड़ी, आहोर ने द्वितीय स्थान गुलाब राजहंस सुपुत्र रमेशकुमार, जालोर व तृतीय स्थान निकिताकुमारी बावड़ी आहोर ने प्राप्त किया। अखिल भारतीय साहित्य परिषद के जिला महामंत्री एडवोकेट कुलदीप खंडेलवाल ने बताया कि तीनों वर्गों में जीतने वाले प्रतिभागियों को जोधपुर में प्रांत स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा । इनमें से चयनित श्रेष्ठ कहानियों को राज्य स्तर पर भी पुरस्कृत किया जाएगा ।

# कलेक्टर असावा ने फार्मर रजिस्ट्री शिविरों का किया निरीक्षण, हाथों-हाथ सौंपे प्रमाण पत्र

## एग्रीस्टैक के तहत फार्मर रजिस्ट्री पाकर किसानों की खुशी का नहीं रहा ठिकाना

● पदमावत मीडिया



**राजसमन्द।** जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने शुक्रवार को एमडी, बिनौल और दौवड़ा ग्राम पंचायतों में भारत सरकार की योजना एग्रीस्टैक के तहत आयोजित फार्मर रजिस्ट्री शिविरों का औचक निरीक्षण किया और मौके पर ही किसानों को 11 अंकों की यूनिक आईडी के प्रमाण पत्र वितरित किए जिस पर किसानों की खुशी का ठिकाना न रहा। निरीक्षण के दौरान कलक्टर असावा ने ग्रामीणों से शिविर में उपलब्ध व्यवस्थाओं पर फीडबैक लिया और किसानों को उनकी 11 अंकों की यूनिक आईडी प्रदान की। साथ ही, उन्होंने विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा के लिए कार्मिकों से भी चर्चा की। शिविर में प्रधानमंत्री वय वंदना योजना पंजीयन, आयुष्मान ई-केवाईसी, पेंशन सत्यापन आदि कार्यों का भी अवलोकन किया गया। इस दौरान कलक्टर ने निर्देश दिए कि एक भी पात्र किसान एग्रीस्टैक योजना से वंचित न रहे और सभी का पंजीकरण अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। जिला कलक्टर ने निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों की जन समस्याएं भी सुनी और मौके पर ही संबंधित विभाग के अधिकारी को समाधान करने के निर्देश दिए।

दौवड़ा में ग्रामीणों में राजकीय विद्यालय में ट्यूबवेल नहीं चलने, विद्यालय मैदान में जलभराव की समस्याएं बताई। इसी तरह बसंती बाई पति सुखजी चमार ने आवास नहीं होने की समस्या से कलक्टर को अवगत कराया जिस पर उन्होंने मौके पर ही उपखंड अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी को समाधान करने के निर्देश दिए। एक अन्य महिला चेतू बाई से भी आवास के संबंध में पूछा। जिला कलक्टर ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि यह 11 अंकों की किसान की एक यूनिक डिजिटल पहचान (किसान आईडी) है जिसमें किसान के जनसांख्यिकीय विवरण, स्वामित्व वाली भूमि का विवरण एवं उसमें बोई गई फसलों का व्यापक तथा उपयोगी डेटा शामिल होगा। यह रजिस्ट्री किसान के आधार से जुड़ी हुई होगी। पीएम किसान तथा सीएम किसान सम्मान निधि के साथ-साथ अन्य सरकारी योजनाओं, सब्सिडी, और बीमा का लाभ उठाने के लिए किसान आई.डी. पंजीकरण आवश्यक है।

## जयपुर ग्रामीण जिले में थाना सांभर लेक पुलिस की त्वरित कार्रवाई

# प्रकरण दर्ज होने के बाद से फरार अभियुक्त को महज 15 घण्टे में किया गिरफ्तार



● पदमावत मीडिया

**जयपुर।** जयपुर ग्रामीण जिले की थाना सांभरलेक पुलिस ने युवती के अश्लील फोटो व वीडियो वायरल करने की धमकियां देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी महेश कुमार वर्मा उर्फ राहुल पुत्र मदनलाल (26) निवासी बलाईयों की ढाणी नौरंग पुरा थाना सांभरलेक को गिरफ्तार कर लिया है। प्रकरण दर्ज होने के बाद फरार हुए आरोपी को मात्र 15 घंटे में पुलिस ने पकड़ लिया। उप महानिरीक्षक पुलिस सह-पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण आनन्द शर्मा ने बताया है कि थाना सांभरलेक पर युवती की अश्लील फोटो वायरल करने की धमकियां देकर दुष्कर्म करने के संबंध मे आरोपी महेश कुमार वर्मा उर्फ राहुल के खिलाफ प्रकरण दर्ज हुआ था, जिसमें अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। मामला महिला अत्याचार से संबधित होने पर नामजद फरार आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू शिवलाल बैरवा व सीओ अनुपम मिश्रा के सुपरविजन एवं एसएचओ राजेन्द्र कुमार के नेतृत्व मे थाना सांभरलेक से पुलिस टीम का गठन किया गया। मुकदमा दर्ज होने की भनक लगते ही आरोपी महेश कुमार वर्मा उर्फ राहुल फरार हो गया। जिसे गठित टीम द्वारा आसूचना संकलन व तकनीकी सहायता से महज 15 घण्टे मे गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की गई है। इस कार्रवाई में एसएचओ राजेन्द्र कुमार सहित एएसआई सत्यनारायण, हेड कांस्टेबल रामनिवास, कांस्टेबल श्रवण कुमार, लोकेश कुमार, महेश कुमार, महिला कांस्टेबल कौशल्या व सुमन शामिल थी।

# जिला कलेक्टर ने फार्मर रजिस्ट्री अभियान के तहत समोडा शिविर का किया निरीक्षण

## अधिकारियों को दिए ज्यादा से ज्यादा पंजीकरण कर किसानों को लाभान्वित करने के निर्देश

● पदमावत मीडिया

**सलूंबर ।** कृषि विभाग भारत सरकार द्वारा संचालित एग्रीस्टैक योजनांतर्गत फार्मर रजिस्ट्री अभियान के तहत शिविरों का आयोजन जिले में किया जा रहा है। जिला कलेक्टर अवधेश मीना ने शुक्रवार को आयोजित शिविर समोडा में औचक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। शुक्रवार को जिला कलेक्टर अवधेश मीना ने फॉर्मर रजिस्ट्री शिविर समोडा का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने शिविर में अब तक हुए पंजीकरण की जानकारी लेते हुए शिविर प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री शिविरों के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा किसानों को केंद्र और राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। निरीक्षण के पश्चात जिला कलेक्टर ने मौके पर मौजूद कृषि पर्यवेक्षक, पटवारी, गिरदावर सहित अन्य विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि ज्यादा ज्यादा किसानों को इन शिविरों की जानकारी देते हुए उनका



पंजीकरण कर लाभ दिलवाना सुनिश्चित किया जाए। जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में जारी इन शिविरों में किसानों को विशिष्ट फार्मर आईडी सहित विभिन्न विभागीय योजनाओं से लाभान्वित जा रहा है। शिविर में पंजीकरण के लिए किसान का आधार कार्ड, अद्यतन जमाबंदी और जन आधार कार्ड (मोबाइल फोन से जुड़ाव हो) साथ लाना अनिवार्य है। इस दौरान तहसीलदार डॉ मयूर शर्मा, दिनेश चंद्र पाटीदार बीडीओ, कालूराम मीणा, सहित विभागीय अधिकारी एवं किसान उपस्थित रहे।

# स्वास्तिक एजुकेशन संस्थान पर हुआ आर के सी एल निःशुल्क महिला बैच का शुभारंभ



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** मेवाड़ और वागड़ क्षेत्र में सबसे अग्रणी और उच्च तकनीकी संपन्न कंप्यूटर प्रशिक्षण संस्थान स्वास्तिक एजुकेशन सेक्टर 14 शाखा एवं एमजी शाखा पर महिला एवं बाल विकास विभाग राजस्थान सरकार द्वारा चयनित महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण कोर्स के अंतर्गत आर एस सी आई टी एवं आर एस सी एफ ए बैच का शुभारंभ वार्ड 20 पार्षद संतोष मेनारिया एवं समाजसेवी अमृतलाल मेनारिया के आतिथ्य में हुआ। स्वास्तिक एजुकेशन संस्थान निदेशक चिरायु जोशी ने अतिथियों का ऊपर्ना ओढाकर स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में सरकार की इस योजना की सराहना की और चयनित महिलाओं को प्रोत्साहन प्रदान किया। साथ ही सभी बालिकाओं को अतिथियों के करकमलों द्वारा पुस्तक वितरित की गई। कार्यक्रम में स्टाफ सदस्य लोकेश चौधरी, रेखा जैन, एन.के नागर, चेतन मेघवाल उपस्थित रहें। निदेशक जोशी ने आभार व्यक्त किया।

# महावीर एकेडमी स्कूल में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों की विदाई समारोह सम्पन्न

**10वीं के विद्यार्थियों के लिए करियर गाइडेंस एवं गुड लक्क सेरेमनी का आयोजन**

**समारोह में विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षाओं के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया**

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** गायरियावास स्थित महावीर एकेडमी सीनियर सैकण्डरी स्कूल के कक्षा 12वीं व 10वीं के विद्यार्थियों की विदाई समारोह करियर गाइडेंस व गुड लक्क सेरेमनी का आयोजन रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ सम्पन्न हुआ। बोर्ड परीक्षाओं से पहले एक भावुक माहौल देखने को मिला। कक्षा 11वीं तथा 9वीं के छात्र-छात्राओं ने अपने सीनियर्स के लिए विदाई समारोह का आयोजन





किया। जिसमें कक्षा 10 करियर गाइडेंस एवं गुड लक्क सेरेमनी और 12 के विद्यार्थियों को विदाई दी गई। विद्यालय निदेशक राजकुमार फत्तावत ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि विदाई का क्षण शिक्षक और विद्यार्थी दोनों के लिए भावुक पल है। उन्होंने कक्षा दसवीं और बारहवीं के छात्र-छात्राओं को बताया कि आप जीवन के नए क्षेत्र में प्रवेश करने जा रहे हैं। आप उस चौराहे पर खड़े हैं, जहां से जीवन के कई रास्ते खुलते हैं। इस चौराहे पर आपको कई मित्र और सलाहकार तथा सहयोगी भी मिलेंगे जो आपके जीवन को बना भी सकते हैं और आपके जीवन को नर्क भी बना सकते हैं। अतः आप ऐसे मित्रों, सलाहकारों एवं सहयोगियों से सावधान रहकर अपने दृष्टि को अर्जुन की तरह लक्ष्य की ओर केंद्रित रखना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य कामना की एवं उनके आगामी बोर्ड परीक्षाओं के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होने कहां कि जीवन पर्यन्त कभी भी भविष्य में आवश्यकता पड़ती है तो महावीर एकेडमी के द्वार उनके लिए हमेशा खुले है। मुख्य अतिथि के रूप में एमके जैन और विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व डीईओ भरत मेहता ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। दोनों अतिथियों ने छात्रों के साथ अपने जीवन के अनुभव साझा किए और परीक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण टिप्स दिए। एमके जैन ने विज्ञान संकाय विषय पर प्रकाश डालते हुए कहां कि इसमें कौन-कौन से नए आयाम खुले है एवं यह विषय किन प्रकार के विद्यार्थियों के लिए उपयुक्त है। कार्यक्रम का कुशल संचालन रीना जैन ने किया। आभार विद्यालय के निदेशक प्रणय फत्तावत ने ज्ञापित किया। विद्यालय की प्रबंधक सपना गौड एवं प्राचार्य अरूण त्रिवेदी ने सभी परीक्षार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए बोर्ड परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों को महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बच्चों को तनावमुक्त होकर परीक्षा देने और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए विशेष सुझाव दिए। छात्र-छात्राओं ने नयनाभिराम सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपने सीनियर्स को भावभीनी विदाई देते हुए परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादकः पवन माँगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित । मो. नं.: + 91-95945-42679
e-mail:- padmavatmedia@gmail.com /Web:- padmavatmedia.in (नोटः पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी) । सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा । उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।